भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3898 का उत्तर

तमिलनाडु में स्टेशनों का उन्नयन

3898. श्री एस॰ वेंकटेशनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बुलेट ट्रेन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में निर्मित नए रेलमार्गों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु में वर्ष-वार कितने रेलवे स्टेशनों का उन्नयन/ आधुनिकीकरण किया गया था?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तमिलनाडु में स्टेशनों का उन्नयन के संबंध में 17.07.2019 को लोक सभा में श्री एस॰ वेंकटेशन के अतारांकित प्रश्न संख्या 3898 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): सरकार ने मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड नामक एक विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) का गठन किया गया है। परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

- अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण और भू-तकनीकी जांच पूरी हो चुकी है। संरेखण को अंतिम रूप दिया गया।
- वन्यजीव संबंधी और तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरज़ेड) संबंधी सांविधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली गई।
- 297 गांवों में से 253 गांवों के लिए संयुक्त मापन सर्वेक्षण (जेएमएस) पूरा कर लिया गया।
- कुल आवश्यक 1380 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 548 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया।

(ख): तमिलनाडु राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान 830 किमी. की लंबाई वाली रेल लाइनों को शुरू किया गया था। जिसमें से 366 किमी. के आमान परिवर्तन और 464 किमी. के दोहरीकरण की लाइनों को शुरू किया गया था।

(ग): आदर्श स्टेशन योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में पिछले पांच वर्षों में 11 स्टेशनों को विकसित किया गया है: -

वर्ष	स्टेशनों का नाम
2014-15	अरियलूर, तिरुवेरुम्बूर और तेनी
2015-16	पीलमेडु, कुडल नगर और पंबन
2016-17	इरुगुर (हाल्ट), और वेल्लोर छावनी
2017-18	रोयापुरम
2018-19	काटपाडी
2019-20	कांचीपुरम

इसके अलावा, मदुरै, चेन्नै एग्मोर, तिरुचिरापल्ली और सेलम 4 (चार) रेलवे स्टेशन हैं जिन्हें वर्ष 2018-19 में "सॉफ्ट-अपग्रेडेशन ऑफ स्टेशन" योजना के तहत अपग्रेड किया गया है।

******